दुर्घटना

बस की टक्कर से घर हुआ क्षतिग्रस्त, बड़ा हादसा टला

# निजी स्कूल बस अनियंत्रित होकर घर में घुसी

**कोतमा,नवभारत 12 जुलाई।** शनिवार की सुबह नगर के वार्ड क्रमांक 2 रेलवे फाटक तिराहे के पास एक निजी विद्यालय के बस चालक द्वारा तेज गति से चलाने के दौरान बेकाबू होकर घर में घुस गई। बस की टक्कर से घर की पट्टी, लोहे का शटर एवं छज्जे के हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया। उक्त हादसे से मकान में रहने वाले कई महिला पुरुष सकते में आ गए। गनीमत रही कि घटना के 5 मिनिट पूर्व ही 30 से ज्यादा बच्चों को स्कूल में उतारा गया था। हादसे वाले मकान में 15 से ज्यादा की संख्या में लोग रहे, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

सुबह 10 बजे के लगभग हुई घटना के बाद मकान मालिक राजकुमार जैन, अक्षय जैन शंभू जैन की परिवार व आसपास के लोग काफी आक्रोशित नजर आए। बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर घंटों हंगामा होता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से दुर्घटना हुई है। अनियंत्रित गति से मोड़ते हुए दूसरों को भी दुर्घटना करते-करते बचाया और बस ने मकान को टक्कर मार दी। बस घर की दीवार एवं शटर से टकराई तो तेज धमाका हुआ। धमाका सुनकर घर के सदस्य एवं वार्डवासी एकत्र होकर चालक के खिलाफ कार्यवाही कि मांग पर अड़े रहे।




### ब्रेक फेल होने से हुई दुर्घटना

जानकारी अनुसार बस का कंप्रेशर कई दिनों से लीक था जिसके कारण ब्रेक फेल होने से दुर्घटना हुई। इसमें चालक की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। सूचना पर स्कूल प्रबंधन, पुलिस एवं अन्य लोग भी पहुंचे। प्रबंधन द्वारा घटना पर दु:ख प्रकट करते चालक के खिलाफ कार्यवाही का भरोसा दिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

### यातायात विभाग की निष्क्रियता से बढ़े हादसे

नागरिकों का आरोप है कि हाईवे यातायात चौकी टीम के द्वारा बरती जा रही लापरवाही एवं चेकिंग करते हुए मामूली जुर्माना लगाकर बस मालिकों को दिए जा रहे अभय दान के कारण चालक बेखौफ हो गए है। प्रशासन द्वारा बस की परमिट, फिटनेस, सुरक्षा यंत्र, मैकेनिक जांच सहित चालक की योग्यता नहीं पारखी जाती, जिस कारण आए दिन स्कूली बसों द्वारा एक्सीडेंट कर लोगों की जान पर संकट बढ़ा रहे हैं।

### निजी विद्यालय की बस ने मासूम बच्ची को कुचला

विदित रहे कि अभी हाल में ही भालमाडा थाना अंतर्गत कदम टोला के पास एक निजी विद्यालय की बस ने चार वर्षीय मासूम बच्ची को कुचलते हुए जीवन भर के लिए दिव्यांग बना दिया। उस मामले की जांच पूर्ण नहीं हो पाई थी एवं बच्ची का अभी भी उपचार जारी है। शनिवार को हुई नई घटना ने लोगों के आक्रोश को बढ़ा दिया बताया जा रहा है कि नगर में संचालित दो दर्जन के लगभग बड़े विद्यालयों में बिना परमिट, फिटनेस एवं कुशल चालक के बगैर ही वाहनों को दौडाया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं।




# खेत-तालाब योजना में भ्रष्टाचार

▸ सकोला में मनरेगा योजनाओं में हो रही खुली लूट, प्रशासन मौन

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत सकोला में मनरेगा योजनाएं जनकल्याण के बजाय भ्रष्टाचार और जनधन की लूट का माध्यम बन गई हैं। खेत-तालाब योजना के नाम पर लाखों की अनियमित निकासी, फर्जी हाजिरी और अधूरे कार्यों का खुला खेल सामने आया है, जिसमें पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक के अधिकारी संलिप्त नजर आ रहे हैं।

रामभजन के नाम स्वीकृत खेत-तालाब योजना की लागत 3.37 लाख तय की गई थी, जिसमें से 2.78 लाख की निकासी हो चुकी है, जबकि कार्य अभी अधूरा पड़ा है। मजदूरों की गैरमौजूदगी के बावजूद फर्जी हाजिरी भरकर राशि निकाल ली गई। गांव के जागरूक नागरिक लाल यादव ने बताया कि जॉब कार्ड 312 पर अनार कली और बहादुर, जबकि 312 ए पर अन्नु कुमार तथा 702 पर रामनाथ और सातुला के नाम से 8 हजार से 10 हजार तक की अवैध निकासी की गई। इन मजदूरों को कभी कार्य स्थल पर देखा ही नहीं गया।

### ग्रामीणों से कराते हैं घरेलू कार्य भुगतान मनरेगा से किया जाता है

लाल यादव ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली व्यक्ति रमेश विश्वकर्मा ग्रामीणों से घरेलू कार्य करवाते हैं, लेकिन भुगतान मनरेगा से कराया जाता है। यह मजदूरों की मेहनत की लूट और सरकारी योजना का दुरुपयोग है। गुलाब सिंह के कुएं के पास शोक पिट निर्माण नाममात्र खुदाई तक ही सीमित रहा, लेकिन 15,004 की मजदूरी दिखाकर रकम हजम कर ली गई। नानबाई के नाम पर भी 15,000 की निकासी हुई, जबकि न काम पूरा हुआ, न गुणवत्ता दिखी।

# बीएसएनएल की सेवा सातवें दिन भी रही ठप

▸ राजनगर क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान, ऑप्टिकल फाइबर कटने से नेटवर्क प्रभावित

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** राजनगर नगर परिषद क्षेत्र, डूमरकछार और झीमर कालरी सहित आसपास के क्षेत्रों में बीएसएनएल की मोबाइल नेटवर्क सेवाएं विगत सात दिनों से पूरी तरह से बंद हैं। यह समस्या 5 जुलाई शनिवार सुबह 9 बजे से तब शुरू हुई जब डोला से राजनगर के बीच ऑप्टिकल फाइबर के कटने की जानकारी सामने आई। बीएसएनएल के मुख्य दूरभाष केंद्र राजनगर की सेवाएं पूरी तरह से ठप हैं। यह पहली बार है जब लगातार 7 दिन तक पूरे क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं बाधित रही, जिससे सामान्य जनजीवन से लेकर आवश्यक सेवाएं तक पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। बीएसएनएल नेटवर्क ठप होने से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया राजनगर शाखा में ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं रुक गई हैं, स्थानीय अस्पतालों में मरीजों से संबंधित जानकारी साझा करने और इमरजेंसी कम्युनिकेशन में दिक्कतें आ रही हैं। झीमर कालरी व अन्य कोल माइंस में समन्वय और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है, शिक्षा और ई-गवर्नेंस सेवाएं भी रुक गई हैं।

### नेटवर्क सेवा बहाल करने प्रयास जारी : अधिकारी

बीएसएनएल के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी नेटवर्क सेवाएं बहाल करने के लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। मध्यप्रदेश दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक और सतना बीए के जीएम स्तर के अधिकारियों से उपभोक्ताओं ने तत्काल हस्तक्षेप कर सेवाएं बहाल करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार राजनगर के बीएसएनएल दूरभाष केंद्र में बैटरी खराब होने की वजह से बिजली कटौती के समय नेटवर्क पूरी तरह बंद हो जाता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार यह समस्या सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई।

## पुलिस ने 11 वर्ष से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंट तामीली अभियान के तहत थाना बिजुरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 11 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी पंचम सिंह गोंड़ पिता महा सिंह गोंड़ निवासी जरवाही थाना राजेंद्रग्राम को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। पंचम सिंह गोंड़ के विरुद्ध मामला दर्ज था। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था और फरार चल रहा था। थाना बिजुरी की पुलिस टीम ने 11 जुलाई को उसे गिरफ्तार किया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा के समक्ष पेश किया गया।

# भारत माता स्कूल की बसों में मिली कई कमियां

▸ यातायात विभाग ने की जांच, बसों के ड्राइवर यूनिफॉर्म में नहीं थे

**कोतमा,नवभारत 12 जुलाई।** यातायात चौकी फुनगा की टीम के द्वारा लगातार स्कूल बसों का निरीक्षण किया जा रहा है पूर्व में हुई स्कूल बस से दुर्घटना को गंभीरता से देखते हुए लगातार पूरे अनूपपुर जिले में एक बड़ा अभियान चलाकर सभी स्कूल बसों के प्रबंधन को बुलाकर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जो भी स्कूल बसों से संबंधित सुरक्षा के मापदंड है वह आपके पूरे होने चाहिए। इस दिशा में 12 जुलाई को कोतमा नगर क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 10 भारत माता विद्यालय की बसों का निरीक्षण किया गया. इस दौरान कई कमियां पाई गई, जैसा की बसों के ड्राइवर का यूनिफॉर्म में नहीं होना, यूनिफार्म के संबंध में जब स्कूल प्रबंधन के प्राचार्य से बात की गई तो उनके द्वारा अजीब सा जवाब दिया गया. उनके द्वारा कहा गया कि ड्राइवर के यूनिफॉर्म सिलने के लिए पड़े हुए हैं.

### फर्स्ट एड बॉक्स में एक्सपायरी डेट की मिली क्रीम

यातायात विभाग के अधिकारियों के द्वारा जब बस का फर्स्टएड बॉक्स चेक किया गया तो तीनों बसों में जो फर्स्टएड बॉक्स मिला उसमें रखी दवाइयां एक्सपायरी डेट की थी. जब इस बारे में अधिकारियों ने प्रबंधन से बात की तो उनके द्वारा कहा गया कि नया स्टॉक आया है, जो कि अंदर रखा हुआ है. इसके बाद आनन फानन में फर्स्टएड बॉक्स की दवाइयों को बदलकर दूसरी दवाइयां रखी गईं। अग्निशमन यंत्र भी एक्सपायरी डेट का निकला

भारत माता की स्कूल बसों के निरीक्षण के दौरान जब अग्निशमन यंत्र के निरीक्षण की बात आई तब चेक करने पर यह पाया गया कि दो बसों का अग्निशमन यंत्र एक्सपायर हो चुका था. बता दें कि बस में अचानक अगर आग लग जाती है तो आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र महत्वपूर्ण होता है. ऐसी स्थिति में एक्सपायरी डेट का अग्निशामक यंत्र रखना बच्चों की जान को खतरे में डालना है।

### नहीं लगे हैं सीसी टीवी कैमरे

भारत माता स्कूल बस की जांच के दौरान में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए थे. इस संबंध में जब अधिकारी से स्थानीय पत्रकार ने बात की कि क्या कैमरे आवश्यक नहीं है. तो यातायात जांच अधिकारी द्वारा बताया गया कि बिल्कुल स्कूल बसों में कैमरे आवश्यक हैं, वहीं इस संबंध में दो दिनों पूर्व जब बात भारत माता स्कूल प्रबंधन से बात की गई थी तो उनके द्वारा कहा गया था कि जब सारी स्कूल बसों में कैमरे लग जाएंगे तो हम भी लगवा लेंगे. इस बात की जानकारी जब यातायात जांच अधिकारी को दी गई तो उनके द्वारा कहा गया कि इस तरह का जवाब एक गैर जिम्मेदाराना जवाब है. आपको जल्द से जल्द

### इनका कहना है

लगभग सभी गाड़ियों के पेपर कंप्लीट है. फर्स्टएड बॉक्स में नई दवाइयां रखवा दी है. कैमरे गाड़ियों में नहीं लगे हैं. उन्हें हम जल्द से जल्द लगवा लेंगे।

**नारायण सिंह**
**प्रबंधक**
**भारत माता स्कूल, कोतमा**

# कर्मचारियों के 9 प्रमुख बिंदुओं पर बनी सहमति

▸ रेलवे मजदूर कांग्रेस और सहायक मंडल अभियंता के बीच समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा पेन्ड्रारोड़ द्वारा अपने पंचशील कार्यक्रम के अंतर्गत रेल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु सतत प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में मजदूर कांग्रेस द्वारा पदयात्रा व जनसंपर्क के माध्यम से छुलहा जैतहरी से खोंगसरा तक रेलवे स्टेशन, कॉलोनी एवं कार्यालयों में कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं संकलित की गईं। बैठक में 9 प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कर समाधान की दिशा में बनी सहमति

इन समस्याओं के संबंध में शाखा सचिव एन हेमंत कुमार ने बताया कि 25 अप्रैल को सहायक मंडल



अभियंता पेन्ड्रारोड़ को लिखित ऐजेंडा सौंपा गया था। इस पर कार्रवाई हेतु 11 जुलाई को एक विशेष अनौपचारिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेल प्रशासन की ओर से सहायक मंडल अभियंता मृत्युंजय कुमार मोहन, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ) हरिओम सोनवार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) अबोध कुमार उपस्थित रहे। वहीं मजदूर कांग्रेस की ओर से जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, शाखा सचिव एन. हेमंत कुमार, शाखा पदाधिकारी इरसाद अहमद, यू. प्रभाकर राव और वीर सिंह मीणा शामिल हुए।

### खाली पदों को भरने की मांग

बैठक मे पेन्ड्रारोड़ एवं खोंगसरा में की-मेन की बीट की लंबाई में एकरूपता लाये जाने, ट्रैक मेंटेनरों पर चार्टशीट की अधिकता को कम कर काउंसिलिंग किए जाने, खाली पदों को भरने की मांग मंडल प्रशासन को भेजे जाने, भनवारटंक स्टेशन पर कर्मचारी मोटरसाइकिल स्टैंड एवं स्टेशन पहुंच मार्ग हेतु सीसी सड़क विशेष बजट से बनाई जाने, रनिंग कर्मचारियों हेतु मोटरसाइकिल स्टैंड बनाने, अमृत स्टेशन में तोड़े गए चिल्ड्रन पार्क एवं बैडमिंटन कोर्ट का सर्वे कर पुनर्निर्माण किए जाने आदि प्रमुख मुद्दे रखे गये।

## जिले में 25 .5 मिमी औसत वर्षा दर्ज


**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** जिले में लगातार सक्रिय मानसून के चलते बीते 24 घंटे में औसतन 25.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी सामने आई है। जिले के वर्षामापी केन्द्रों अनूपपुर 14.2 मिमी, कोतमा 4.0 मिमी, बिजुरी 21.6 मिमी, जैतहरी 27.0 मिमी, वेंकटनगर 14.0 मिमी, पुष्पराजगढ़ 42.4 मिमी, अमरकंटक 34.4 मिमी, बेनीबारी 46.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सबसे अधिक वर्षा बेनीबारी 46.4 मिमी और पुष्पराजगढ़ 42.4 मिमी में दर्ज की गई, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। आने वाले दिनों में अच्छी बारिश से खरीफ फसलों की बुआई और विकास को गति मिल सकती है।

# मां नर्मदा करती हैं पातालेश्वर महादेव का अभिषेक

▸ 10 फीट गहराई में स्थित है शिवलिंग अमरकंटक की तपोभूमि से जुड़ी है मान्यता

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** सावन माह में शिवभक्तों की आस्था चरम पर होती है और इसी धार्मिक भावना से जुड़ा है अमरकंटक स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर, जहां शिवलिंग पृथ्वी की सतह से करीब 10 फीट गहराई में स्थित है। धार्मिक मान्यता है कि श्रावण माह के एक विशेष सोमवार को मां नर्मदा भगवान शिव का जलाभिषेक करती हैं और इस दिन शिवलिंग जल से भर जाता है।

अमरकंटक नर्मदा नदी का उद्गम स्थल होने के साथ शिव की तपोस्थली भी मानी जाती है। नर्मदा मंदिर के पुजारी धनेश द्विवेदी के अनुसार पातालेश्वर महादेव मंदिर अपने नाम के अनुरूप धरती की गहराई में स्थित है और सावन माह में एक बार ऐसा चमत्कारिक दृश्य



देखने को मिलता है जब शिवलिंग जलमग्न हो जाता है। यह प्रक्रिया किसी मानवीय क्रिया से नहीं होती, बल्कि इसे मां नर्मदा की उपस्थिति का दैवी प्रमाण माना जाता है। यह प्राचीन मंदिर परिसर कलचुरी वंश के राजा नरेश कर्णदेव द्वारा 1041 से 1073 ईस्वी के बीच निर्मित किया गया था। नर्मदा मंदिर से लगभग 100 मीटर दक्षिण दिशा में स्थित इस स्थल पर पातालेश्वर शिवलिंग के अलावा विष्णु मंदिर, जोहिला कर्ण मंदिर और पंच मठ मंदिरों का समूह भी मौजूद है। भगवान शिव, पार्वती के साथ इसी स्थल पर कुछ समय रुके थे।

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव माता पार्वती के साथ इसी स्थल पर कुछ समय रुके थे। यह भी कहा जाता है कि इस शिवलिंग की स्थापना आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा की गई थी, जिससे इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। हालांकि वर्तमान में यह मंदिर परिसर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है और पूजा-अर्चना जैसी गतिविधियां बंद हैं, फिर भी श्रद्धालुओं की आस्था यहां की दिव्यता और चमत्कार से जुड़ी हुई है।

# लाड़ली बहनों और पेंशन हितग्राहियों को मिला लाभ



**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना की अनुदान राशि प्रदेशभर के हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अनूपपुर जिले के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष सहित जनपद, नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में देखने-सुनने की व्यवस्था की गई थी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते, सहायक संचालक मंजूषा शर्मा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें और पेंशन हितग्राही उपस्थित रहे।

### गैस सिलेंडर रिफिलिंग की राशि भी अंतरित की

गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना से जुड़ी बहनों के खातों में सीधी राशि ट्रांसफर की गई है। राज्य स्तर पर उन्होंने एक साथ 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1503 करोड़ 14 लाख रुपये, 56 लाख 74 हजार पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रुपये और 30 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर रिफिलिंग हेतु 46 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि अंतरित की।

कार्यक्रम

कल्याणिका विद्यालय की छात्र परिषद का गठन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# हर कक्षा के विद्यार्थियों को सौंपा गया नेतृत्व, बनी रहेगी सुशासन व्यवस्था

**अमरकंटक, नवभारत 12 जुलाई।** कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन पब्लिक स्कूल में शनिवार को हंसवाहिनी हॉल में स्कूल के प्रबंधन्यासी और मुख्य अतिथि की उपस्थिति में नए सत्र की शुरुआत माह जुलाई में छात्र परिषद का गठन और पदभार शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्रबन्धन्यासी स्वामी हिमाद्रि मुनि महाराज, मुख्य अतिथि डमरूधर अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि रमेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, हरिद्वार सिंह, दिनेश केडिया, संत स्वामी जगदीशानंद, स्वामी हरस्वरूप, स्वामी प्रणव मुनि, विनोद कार्की एवं विद्यालय प्राचार्य कमलेश मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान






किया गया। विद्यालय की वरिष्ठ छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य एवं प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर मुख्य अतिथि डमरूधर अग्रवाल ने छात्राओं को 15,000 रुपये और विद्यालय के प्रबन्धन्यासी स्वामी हिमाद्रि मुनि महाराज ने भी 21,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

### बाबा कल्याण दास ने जंगल में मंगल कर दिया

इसके उपरांत विद्यालय के छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह प्रारंभ कर अतिथियों और संतो द्वारा पद पट्टियां पहनाकर व बैच लगाकर सभी को शुभकामनाएं दी गई। विशिष्ट अतिथि हरिद्वार सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि बाबा कल्याण दास ने जंगल में मंगल कर दिया। लोग शहरों में विद्यालय खोलते है धनार्जन के लिए और प्रचार प्रसार वास्ते, लेकिन बाबा और हिमाद्री मुनि ने अमरकंटक जैसे जंगल में सीबीएसई स्कूल खोल दिए और वन वासियों के बच्चों को शिक्षा हितार्थ कल्याण सेवा आश्रम बिना कमाई यह सेवा कार्य अनेक वर्षों से करते चले आ रहे है।

नेतृत्व का पहला कदम सेवा है।

### यश छात्र व कृति छात्रा संघ की अध्यक्ष बनी

विद्यालय में छात्र संघ के अध्यक्ष लड़कों में यश प्रताप सिंह साइंस बारहवीं और छात्रा अध्यक्ष में कृति पाठक साइंस बारहवीं बनाई गई। विद्यालय के चारों हाउस कृष्णा, कावेरी, नर्मदा, सरस्वती के भी कैप्टन नियुक्त बनाए गए। विद्यालय के उप प्राचार्य श्रीराम त्रिपाठी ने समारोह समापन बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर दिनेश केड़िया, विनोद कागी, श्रवण कुमार उपाध्याय, उमाशंकर पांडेय, सोमू दुबे, प्रशासक विनोद कुमार शुक्ला, कंप्यूटर शिक्षक अविनाश पटनायक, संगीत शिक्षक श्रीकांत पांडेय, समन्वयक शिक्षिका शिवानी शर्मा, नृत्य शिक्षक चिन्मय साहू, नृत्य शिक्षिका हिमांशी राय, सुभाष गुप्ता, श्रवण पांडेय, शिल्पी भदौरिया, कविता वाघ, अल्का शर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।